प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

[ 23/2/2021]

प्रश्न सं. [ क्र. 7 ]

( परिशिष्ट - 1 )


सोहनलाल बाल्मीक

विधायक
विधान सभा परासिया
क्षेत्र क्रमांक 127
जिला- छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

कार्यालय
इटक ऑफिस, परासिया
0716[illegible]
94247[illegible]
ई-मेल balmiksohan@gmail.com


क्र. वि.स./परासिया/127/2020/727 दिनांक 31.12.2020

प्रति,

श्रीमान कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग छिन्दवाड़ा

विषय : खिरसाडोह से सावरी मार्ग निर्माण में की जा रही अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जाँच कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपको अवगत कराना चाहता हूं कि वर्तमान में खिरसाडोह से सावरी मार्ग का निर्माण कार्य जिस संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। यह सड़क निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जिससे सड़क गुणवत्ताहीन बन रही हैं और ठेकेदार द्वारा कई माह से रोड उखाड़कर छोड़ दिया गया है, जिससे आने-जाने वाले लोगों को अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटनायें बढ़ गई हैं। संबंधित ठेकेदार द्वारा शासन की बिना अनुमति के शासकीय भूमि का उपयोग कर अवैध उत्खनन कार्य किया जा रहा है और रॉयल्टी की राशि का भुगतान किए बिना ही रेत का उपयोग किया रहा है। जिससे शासन को लाखों रूपयों का राजस्व का नुकसान हो रहा है और मार्ग निर्माण कार्य में बहुत अधिक अनियमिततायें की जा रही है। खिरसाडोह से सावरी मार्ग निर्माण कार्य में की जा रही विभिन्न अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जाँच कराकर, संबंधित ठेकेदार से वसूली की कार्यवाही किया जाना अतिआवश्यक है एवं उक्त मार्ग में जितनी भी पुलिया बनाई गई है, उसकी गुणवत्ता की जाँच की जाये।

अतः आपसे अनुरोध है कि ठेकेदार द्वारा कराये जा रहे गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण कार्य की शीघ्र अतिशीघ्र उच्च स्तरीय जाँच, मेरे समक्ष कराये जाने का कष्ट करेंगे और जब तक सड़क निर्माण कार्य की जाँच पूरी नहीं होती है, तब तक सड़क निर्माण कार्य को बन्द रखा जाये।

भवदीय,

(सोहनलाल बाल्मीक)
विधायक
विधानसभा परासिया क्षेत्र

प्रतिलिपि :

1. मान. गोपाल भार्गव जी, मंत्री लोक निर्माण विभाग, म.प्र.शासन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. श्रीमान प्रमुख सचिव महोदय, मंत्री लोक निर्माण विभाग, म.प्र.शासन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. श्रीमान प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन अरेरा हिल्स भोपाल की ओर सूचनार्थ।

( परिशिष्ट - 2 )

# कार्यालय अधीक्षण यंत्री

## लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क) सिवनी मण्डल सिवनी

Web Site www.mp.gov.in/pwdmp email :-sepwdseoni-mp@mp.nic.in
Phone-07692-220998 Fax- 222513

ज्ञा0क्र0/378 /शिका.वि.स.प्रश्न/2020–21 सिवनी/दिनांक 5/2/2021

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग छिंदवाडा ।

विषय :- खिरसाडोह से सौंवरी मार्ग निर्माण में की जा रही अनियमित्ताओं की उच्चस्तरीय जॉच कराये जाने के संबंध में ।

संदर्भ :- आपका पत्र क्रं/806/दिनांक 04.02.2021

विषयांकित शिकायत की जॉच अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दिनांक 10.02.2021 को की जावेगी । निर्देशित किया जाता है कि जॉच के समय संबंधित ठेकेदार, अनुविभागीय अधिकारी उपयंत्री सहित स्थल पर शिकायत से संबंधित दस्तावेजों सहित उपस्थित रहना सुनिश्चित करें ।

आपके स्तर से माननीय विधायक महोदय को अवगत कराने का कष्ट करें ।

(इंजी. आर.पी. ठाकरे)
अधीक्षण यंत्री
लो.नि.वि.(भ/स)मंडल सिवनी
दूरभाष–07692–220998

सहपत्र :- शून्य ।

पृ.क्रं./379 /शिका.वि.स.प्रश्न/20–21 सिवनी, दिनांक 5/2/2021

प्रतिलिपि :-

1. निज सचिव, माननीय श्री सोहन लाल जी वाल्मिकी विधायक विधानसभा क्षेत्र परासिया की ओर सूचनार्थ प्रेषित कर लेख है कि जॉच स्थल पर आप स्वयं/प्रतिनिधि उपस्थित रहने का कष्ट करेंगे ।
2. मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग मध्य परिक्षेत्र जबलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
3. मेसर्स राजाराम कंस्ट्रक्शन, आरकॉन सिटी छिंदवाडा की ओर सूचनार्थ ।

सहपत्र :- शून्य ।

अधीक्षण यंत्री
लो.नि.वि.(भ/स)मंडल सिवनी
दूरभाष–220998

# कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश

email :- eepwd1chhind@mp.nic.in. Phone :- 07162-246978,

ज्ञाप. क्रमांक/ 850 /त.शा/22/वि. स.प्र./2020, छिंदवाड़ा दिनांक 6-2-2021

प्रति,

(1) अनुविभागीय अधिकारी,
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
उपसंभाग क्र.1, छिन्दवाड़ा

(2) श्री एच.एस.ठाकुर, उपयंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
उपसंभाग क्र.1, छिन्दवाड़ा

(3) मेसर्स राजाराम कंस्ट्रक्शन,
जालौर (राजस्थान)
बी-3 स्ट्रीट नं. 01 आरकॉन सिटी
खजरी रोड, छिन्दवाड़ा

विषय : खिरसाडोह से सावरी मार्ग निर्माण में की जा रही अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने के संबंध में।

संदर्भ : 1. मान. श्री सोहनलाल बाल्मीक विधायक विधान सभा क्षेत्र परासिया का पत्र क्र. वि. स/परासिया/127/2020/727 दिनांक 31.12.2020 (पत्र प्राप्ति दि. 04.02.2021)
2. अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) सिवनी मंडल सिवनी का पत्र क्र. 378/शिका.वि.स.प्रश्न/2020-21 सिवनी दिनांक 05.02.2021

-0-

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है, कि केन्द्रीय सड़क निधि के अंतर्गत निर्माणाधीन उमरानाला सावरी मुजावर मोरडोंगरी उमरेठ खिरसाडोह मार्ग ल. 35.00 कि.मी. में की जा रही अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच हेतु संदर्भित पत्र द्वारा अधीक्षण यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) सिवनी मंडल सिवनी द्वारा दिनांक 10.02.2021 को तिथि नियत की गई है।

अतः निर्देशित किया जाता है, कि जांच के दौरान उक्त तिथि को मार्ग निर्माण से संबंधित समस्त दस्तावेज एवं खनिज अनुमति की प्रति, सामग्री परिक्षण परिणामों के साथ स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

सहपत्र – शून्य

कार्यपालन यंत्री,
लो.नि.वि.(भ/स) संभाग
छिन्दवाड़ा म.प्र

ज्ञाप. क्रमांक/ 851 /त.शा/22/वि.स.प्र./2020-21 छिंदवाड़ा दिनांक 6-2-2021

प्रतिलिपि :-

(1) निज सचिव, माननीय श्री सोहन लाल जी बाल्मीक विधायक विधान सभा क्षेत्र परासिया की ओर सूचनार्थ प्रेषित कर लेख है कि जांच स्थल पर आप स्वयं/प्रतिनिधि उपस्थित रहने का कष्ट करेंगे।

(2) अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) सिवनी मंडल सिवनी की ओर उपरोक्त संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ प्रेषित।

सहपत्र – शून्य

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.(भ/स) संभाग
छिन्दवाड़ा म.प्र